## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30 मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर जतायी चिंता। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए उत्पन्न हुई चुनौती के बारे में की चर्चा।
- प्रधानमंत्री ने अफवाहों से सतर्क रहने की अपील की। कहा– कोविड महामारी की तरह ही देश इस मुश्किल हालात से भी बाहर निकल जाएगा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में नर्सिंग अधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र। कहा– पूरी पारदर्शिता के साथ पिछले 9 वर्षों में 9 लाख युवाओं को दी गई सरकारी नौकरी।
- उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग–यूपीपीएससी ने घोषित किए पीसीएस परीक्षा–2024 के अंतिम परिणाम। चौबीस प्रकार के पदों के लिए 932 उम्मीदवारों का हुआ चयन।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता प्रकट की। उन्होंने कहा कि यह मुश्किल समय है और पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति ने भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए चुनौती उत्पन्न कर दी है।

**जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केन्द्र है। इसकी वजह से दुनियाभर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक सम्बंध, अलग–अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ बना है। इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।**

प्रधानमंत्री मोदी ने भरोसा दिलाया कि कोविड महामारी की तरह ही देश इस मुश्किल हालात से भी बाहर निकल जाएगा। श्री मोदी ने सभी नागरिकों से इस चुनौती से एकजुट होकर निपटने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से सतर्क रहने और केवल आधिकारिक जानकारी पर विश्वास करने का आग्रह किया।

**निश्चित तौर पर यह चुनौतिपूर्ण समय है। सभी देशवासियों से फिर यह आग्रह करूंगा कि हमे एकजुट होकर इस चुनौती से बाहर निकलना है। जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें राजनीति नहीं करनी चाहिए। यह देश के एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों के हित से जुड़ा विषय है। मैं सभी देशवासियों से अपील भी करूगा कि वह जागरूक रहे, अफवाहों के बहकावे में न आए, सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है उस पर भरोसा करें।**

प्रधानमंत्री ने प्रदेश के वाराणसी में, एक घंटे में 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किये जाने के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह हजारों लोगों की भागीदारी से संभव हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत देशभर में करोड़ों पेड़ लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मन की बात कार्यक्रम में वाराणसी का उल्लेख किये जाने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह प्रदेशवासियों के लिये अत्यंत गौरव का विषय है। वहीं, प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए वाराणसी के नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि लगभग 350 बीघा क्षेत्र में विकसित किए जा रहे 'नमो वन' शहरी वन परियोजना के अंतर्गत इस विशाल पौधारोपण अभियान को पूरा किया गया।

**नमो वन काशी में एक ग्रीन लंग्स के रूप में विकसित किया जा रहा है और उसका उद्देश्य है कि काशी के लोगों को ऐसा एक हरित क्षेत्र मिले जहां पर जाकर अपने पिकनिक मनाना हो, साइकिलिंग करना हो, वॉकिंग करना हो, एक स्वच्छ सुंदर वातावरण में वह कर पाएं। इसकी सुरक्षा के लिए भी कई इंतजामात किए गए हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी की मन की बात में उन्होंने इसका अंकन किया इसके लिए हम सभी काशी वासी इसके लिए बहुत खुश हैं और उनका ह्रदय से धन्यवाद देते हैं।**

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस योजना का प्रभाव देश के कोने–कोने में दिखने लगा है। योजना के तहत कई लोगों ने अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि मेरठ के अरुण कुमार भी अब अपने इलाके में अतिरिक्त बिजली बेच रहे हैं। मन की बात कार्यक्रम में अपने नाम का उल्लेख किए जाने पर मेरठ के अरूण कुमार ने खुशी जताई और प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया।

**मन की बात सुन रहा था, प्रधानमंत्री जी ने मेरा नाम गांव का और मेरे जिले का नाम लिया तो मैं इतना खुश हूं। तहे दिल से उनको धन्यवाद करता हूं।**

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में बाराबंकी के युवा लेखक सौरभ वैसवार का भी उल्लेख किया और किसान कल्याण पर लिखे गये उनके लेख की प्रशंसा की।

**********

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकार ने जनता से अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील दोहराई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि उपभोक्ताओं को सहयोग देने के लिए, पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क दस रुपये प्रति लीटर घटा दिया गया। घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विमानन ईंधन पर निर्यात शुल्क भी लगाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति संकट से पहले स्तर के लगभग सत्तर प्रतिशत तक पहुंच गई है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। संस्थान में कुल छह सौ पैंसठ नर्सिंग अधिकारियों का चयन किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सभी नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हो रही है।

**पिछले 9 वर्ष में हम लोगों ने 9 लाख युवाओं को यहां पर सरकारी नौकरियां दी है। एक भी नौकरी की पारदर्शिता पर उसकी प्रक्रिया की सूचिता पर चयन की प्रक्रिया पर विरोधी भी प्रश्न नहीं उठा सकता। मेरिट के आधार पर आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए जिन नौजवानों का चयन हो रहा है। परिणाम क्या है? एक किसी प्रकार का कोई डिस्टर्बेंस नहीं है। माननीय न्यायालय का हस्तक्षेप नहीं है।**

मुख्यमंत्री ने पश्चिम एशिया तनाव के मद्देनजर पेट्रोल–डीजल को लेकर लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील भी की।

**खाड़ी में क्या हो रहा है, यूरोप में क्या हो रहा है, यूएस में क्या हो रहा है तो उस चैलेंज को देखते हुए हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य बनता है कि हम भी इस समय किसी अफवाह पर ध्यान देने की बजाय हम भी देश के अंदर देश की लीडरशिप के द्वारा जो मार्गदर्शन दिया जाता है, हम भी उसका पालन करें। अफवाह में ना पड़े।**

**********

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कल राजकोट से वर्चुअल माध्यम के जरिये देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर कई यात्री सुविधाओं की शुरुआत की। इन सुविधाओं में लखनऊ और वाराणसी में उड़ान यात्री कैफे शामिल हैं। साथ ही आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, गोरखपुर, कानपुर, कुशीनगर, मुरादाबाद, प्रयागराज और वाराणसी में निःशुल्क वाईफाई सुविधा की भी शुरुआत की गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री नायडू ने कहा कि उड़ान यात्री कैफे हवाई यात्रा को सभी के लिये आसान, सुलभ और आधुनिक भारत की जरूरतों के अनुरूप बनाने की सरकार की सोच को दर्शाता है।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग–यूपीपीएससी ने पीसीएस परीक्षा–2024 का अंतिम परिणाम कल घोषित कर दिया। आयोग के मुताबिक इस परीक्षा के जरिये 24 प्रकार के पदों के लिए कुल 932 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। नेहा पांचाल ने परीक्षा में पूरे प्रदेश में टॉप किया है। पीसीएस–2024 के लिए प्रारंभिक परीक्षा करीब एक वर्ष तीन महीने पहले आयोजित की गयी थी।

**********

प्रदेश में गेहूं खरीद आज से शुरू हो रही है। यह 15 जून तक चलेगी। गेहूं खरीद शुरू होने से पहले ही प्रदेश भर में 2 लाख 24 हजार से अधिक किसानों ने बिक्री के लिए पंजीकरण करा लिया है। गेहूं खरीद के लिए अब तक 3 हजार 574 क्रय केंद्र भी स्थापित कर लिए गए हैं। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी 2 हजार 585 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है, जो पिछले साल की तुलना में 160 रुपये प्रति कुंतल अधिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि क्रय केंद्रों पर बिक्री के लिए आने वाले किसानों को किसी भी सूरत में परेशानी नहीं होनी चाहिए। मौसम को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएं।

**********

मौसम विभाग ने आज से अगले दो दिनों के भीतर प्रदेश के अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे दो डिग्री सेल्सियस बढ़ोत्तरी की संभावना व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक न्यूनतम तापमान में भी धीरे–धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की संभावना है। विभाग द्वारा आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं बारिश और गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने की भी संभावना व्यक्त की गयी है।

**********